अमर उजाला
मेरी क्रिसमस
शनिवार, 25 दिसंबर 2021

PAGE NO. 05 : RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस संस्थान में पैरा मेडिकल के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीटयूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंसेस के पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम के बैच-2020 के छात्र-छात्राओं ने बैच-2021 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का बीरवार कोस्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, निदेशक आदित्य मूर्ति, निदेशक रिचा मूर्ति (एसआरएमएस गुडलाइफ), प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता आईएमएस, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरपी सिंह, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, प्राचार्य डॉ. कृष्णगोपाल एवं फैकल्टी इंचार्ज डॉ. आशीष चौहान (पीटी) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और संगीत आदि के कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान बैच 2021 को गौरव को मिस्टर और अक्सा खान को मिस फ्रेशर, जबकि जयदेव को मिस्टर इव और सैफाली को मिस इव चुना गया।